इंजीनियरिंग छात्रों को तराशेगा आईआईटी बांबे

उत्तराखंड तकनीकी विवि ने किया एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों को अब आईआईटी बांबे तराशेगा। तकनीकी विवि ने इसके लिए आईआईटी के साथ करार किया है। इसके तहत प्रदेश के 24 इंजीनियरिंग कालेजों के हजारों छात्रों को उद्योगों के लिए तैयार किया जाएगा। विवि के असिस्टेंट रजिस्ट्रार अरुण कुमार के मुताबिक विवि के आईआईटी बांबे से हुए करार के मुताबिक छात्रों के लिए स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोग्राम चलाए जाएंगे।

इसके तहत इंजीनियरिंग छात्रों को आईटी स्किल्स की ट्रेनिंग, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग की ट्रेनिंग और जॉब ओरिएंटेड सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग दी जाएगी। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए चलेंगे बल्कि शिक्षकों को भी आईआईटी बांबे ट्रेंड करेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए संबंधित संस्थानों को सीधे आईआईटी बांबे से संपर्क करना होगा। खास बात यह है कि आईआईटी यह ट्रेनिंग फ्री एंड ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर (फॉस) के तहत देगा। आईआईटी की ओर से विभिन्न संस्थानों में कई वर्कशॉप भी आयोजित की जाएंगी।

इन कालेजों के छात्रों को होगा लाभ

आम्रपाली इंस्टीट्यूट, बिरला इंस्टीट्यूट, कोर रुड़की, माया इंस्टीट्यूट, जीआरडी इंस्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट ऑफ टेकभनोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेकभनोलॉजी, जीआईएचएम अल्मोड़ा, जीआईएचएमसीटी देहरादून, दून बिजनेस स्कूल, जीआईएस देहरादून, शिवालिक कालेज, क्वांटम स्कूल, जेबी इंस्टीट्यूट, तुलाज इंस्टीट्यूट, आरसीई रुड़की, डीबीआईटी, टीएचडीसी-आईएचईटी टिहरी, आईटी गोपेश्वर, एसआईएचएमसीटी नई टिहरी, डब्ल्यूआईटी देहरादून, एसआईटी पिथौरागढ़ और एपीजेएके आईटी, टनकपुर।